
पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

नवाजुद्दीन का 100 करोड़ मानहानि केस खारिज

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 ■ अंक : 184 ■ सोमवार 13 अक्टूबर 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# मेट्रो-5 के लिए 292 इमारतों का बलिदान

## सफर होगा आसान | ठाणे से कल्याण तक मेट्रो लाइन-5 का का काम जारी

- मेट्रो लाइन-5 की कुल लंबाई लगभग 24.9 किलोमीटर
- 17 स्टेशन






**कल्याण.** मुंबई महानगरीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने मेट्रो लाइन-5 (ठाणे-भिवंडी-कल्याण) के निर्माण कार्य में तेजी लाने का ऐलान किया है। इस रूट के लिए 292 संरचनाओं को तोड़ा जाएगा, ताकि प्रोजेक्ट का काम समय पर पूरा किया जा सके। यह मेट्रो लाइन ठाणे से लेकर कल्याण तक के हजारों यात्रियों के लिए सफर को बेहद आसान और तेज बनाएगी। इस रूट के तैयार हो जाने पर उपनगरीय इलाकों में कनेक्टिविटी पहले से बेहतर होगी।

मेट्रो लाइन-5 की कुल लंबाई लगभग 24.9 किलोमीटर है और इसमें 17 स्टेशन होंगे। यह रूट ठाणे के कापुर्बावड़ी से शुरू होकर भिवंडी होते हुए कल्याण तक जाएगी। यह कॉरिडोर उपनगरीय इलाके और औ द्योगिक कॉरिडोर को जोड़ने का काम करेगी। ठाणे, भिवंडी और कल्याण जैसे औद्योगिक और आवासीय इलाकों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे ट्रैफिक का दबाव भी काफी हद तक कम होगा।

इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एमएमआरडीए (MMRDA) की रिपोर्ट के अनुसार, कुल 292 संरचनाएं इस परियोजना की जद में आने वाली हैं। इनमें से कई पुराने घर और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और मुआवजे की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है। मुंबई मेट्रो प्रशासन की ओर से दी गई टाइमलाइन के मुताबिक, मेट्रो लाइन-5 के पहले चरण का निर्माण 2026 के अंत तक पूरा होने की संभावना है।

### मेट्रो से 1 घंटे की दूरी तय करने में लगेंगे 25 मिनट

मेट्रो प्रशासन ने बताया कि इस लाइन के शुरू होने के बाद ठाणे से कल्याण की यात्रा का समय लगभग 60 मिनट से घटकर सिर्फ 25 मिनट रह जाएगा। इसके अलावा, यह मेट्रो ठाणे स्टेशन पर लाइन-4 और कल्याण पर लाइन-12 से जुड़ जाएगी, जिससे यात्रियों को शहर के अन्य हिस्सों तक बिना किसी रुकावट के यात्रा की सुविधा मिलेगी। ठाणे और भिवंडी के नागरिकों ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जताया है। उनका कहना है कि इससे रोजाना आने-जाने वालों को राहत मिलेगी और ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलेगा। साथ ही, इस रूट पर मेट्रो से जुड़ी नई रोजगार संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# स्पीड ब्रेकर के कारण दो युवकों की दर्दनाक मौत

- केबी रोड पर रात में हुआ हादसा
- सरकारी यंत्रणा पर अपराध दर्ज करने की मांग
- स्पीड ब्रेकर पर सफेद पट्टा तक नहीं मारा गया है



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक भयानक सड़क दुर्घटना में सरकारी यंत्रणा की लापरवाही एवं निकम्मेपन से दो युवकों की मौत हो गई है. एमएमआरडीए, पीडब्ल्यूडी एवं ठेकेदार द्वारा केबी सड़क पर आईटीआई के समक्ष बनाए गए स्पीड ब्रेकर के कारण कु. पवन राजेश आमकरे (25) एवं कु. प्रणय दुर्गेश गोरीवले (16) की मौत हुई है. पालकों ने आरोप लगाया है कि दोनों की मौत का कारण स्पीड ब्रेकर है. इसलिए संबंधित सरकारी यंत्रणा पर अपराध दर्ज करने की मांग पालकों ने पुलिस विभाग से की है. दोनों युवक अपनी बाइक पर 12 अक्टूबर की रात 12.05 बजे भास्कर नगर से रिलायंस पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने जा रहे थे. आईटीआई के पास कुछ दिनों पूर्व मुख्य केबी सड़क पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर पर उनकी बाइक उछलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. उन्हें पता ही नहीं था कि यहां पर स्पीड ब्रेकर बनाया गया है. दोनों के सर, बदन पर गंभीर चोटें आने से घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई.



पालकों ने आरोप लगाया है कि स्पीड ब्रेकर पर सफेद पट्टा नहीं मारा गया है. ना ही स्पीड ब्रेकर दर्शाने वाला बोर्ड लगाया गया है और ना ही यहां कोई लाइट लाई गई है. सरकारी यंत्रणा एवं ठेकेदार पर अपराध दर्ज करने की मांग पुलिस से उनके पालकों, पूर्व नगरसेवक धनंजय सुर्वे, रेशमा सुर्वे ने की है. ये दोनों युवक पेट्रोल बाइक में डालकर बाइक से ही देवी माता के दर्शन को जाने वाले थे कि हादसे का शिकार हो गए. दोनों युवकों की मौत ने पूरे शहर को झिंझोड़कर रख दिया है. परिसर के लोगों में भी भारी रोष देखा जा रहा है. देखना है पुलिस सरकारी यंत्रणा, ठेकेदार पर अपराध दर्ज करती है या नहीं.

# बाल विवाह रोकने में पुलिस को मिली सफलता

- शहापुर तालुका में पाँच लोगों पर मामला दर्ज, चार गिरफ्तार

**शहापुर.** ठाणे जिले के शहापुर तालुका के खैरे की एक आदिवासी नाबालिग लड़की की शादी की साजिश को किन्हवली पुलिस ने नाकाम कर दिया है। इस मामले में लड़की के माता-पिता, दूल्हे के बेटे और उसके पिता और एक मध्यस्थ समेत कुल पाँच लोगों के खिलाफ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने उनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत में पेश किए जाने पर अदालत ने उन्हें एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की स्वीटी टोनी जोसेफ द्वारा इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने के बाद किन्हवली पुलिस ने यह कठोर कार्रवाई की। पुणे जिले के जुन्नार तालुका के बाबुलवाड़ी गाँव में रहने वाले युवक जय लक्ष्मण शिर्के की शादी शहापुर तालुका के खैरे गाँव में रहने वाली एक आदिवासी लड़की से हुई थी। इस संबंध में शिकायत दर्ज होने के बाद किन्हवली थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक नितिन खैरनार ने खैरे गाँव के आनंदवाड़ी जाकर मामले की जाँच की। यह स्पष्ट था कि लड़की नाबालिग थी क्योंकि उसका जन्म 17 अगस्त 2008 को हुआ था। यह जानते हुए भी कि लड़की पूरी तरह से बालिग नहीं है, दोनों परिवारों ने शादी तय कर दी थी।

# सड़क चौड़ीकरण कार्य डीपी अनुसार नहीं

## भारत गंगोत्री ने कहा | दबाव में आकर की गई रोड सेंटर मार्किंग में छेड़छाड़

- उल्हासनगर में मनपा अधिकारी और राकांपा शहर अध्यक्ष आमने-सामने

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-5 नेताजी चौक से कैलाश कॉलोनी तक एमएमआरडीए के फंड से चल रहे कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य के दौरान जब मनपा अधिकारी सड़क चौड़ीकरण का काम कर रहे थे, तभी राकांपा (अजित पवार) गुट के जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री ने इसका कड़ा विरोध किया। इससे इलाके में कुछ देर के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया। गंगोत्री ने आरोप लगाया है कि डीपी अनुसार सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो रहा है और प्रशासन किसी बड़े नेता के दबाव में आकर सेंटर मार्किंग में छेड़छाड़ कर रही है जिससे आम जनता का भारी नुकसान हो रहा है।



उल्हासनगर मनपा इन दिनों एमएमआरडीए के माध्यम से शहर की मुख्य सड़क पर कंक्रीट बिछाने का काम कर रही है। इसी काम के तहत नेताजी चौक से कुर्ला कैंप तक की महत्वपूर्ण सड़क को पूरी तरह से कंक्रीट किया जा रहा है। जैसे ही इस प्रक्रिया में कुछ घर और दुकानें 'सड़क सीमा' में आती दिखाई दीं, निवासियों में आक्रोश की लहर दौड़ गई।

इस घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री ने अधिकारियों से सीधे बातचीत की और कार्रवाई का विरोध किया। गंगोत्री ने कार्रवाई रोकने की मांग करते हुए कहा कि हम विकास के नाम पर नागरिकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान मनपा की वार्ड अधिकारी अलका पवार और भारत गंगोत्री के बीच बहस हो गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे।

मनपा चुनाव नज़दीक आते ही कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आगे आ गए हैं। इस वजह से प्रशासन के साथ उनका टकराव भी हो रहा है। इस चौड़ीकरण कार्य में भी मनपा अधिकारियों और राकांपा पदाधिकारियों का सहयोग देखने को मिला और चुनाव तक ऐसा ही माहौल देखने को मिलेगा।

### विनाश की कीमत पर विकास नहीं



मनपा अधिकारी बिना किसी कारण के नागरिकों के घरों और दुकानों की सीमाओं पर चिह्नांकन कर रहे हैं। लोगों के घरों और व्यवसायों की कीमत पर विकास दिखाया जा रहा है। हम नागरिकों के लिए खड़े हैं और किसी भी अन्यायपूर्ण कार्रवाई का कड़ा विरोध करेंगे। शहर को सड़कों की ज़रूरत है, लेकिन बिना योजना और संवाद के नागरिकों को परेशान करना उचित नहीं है।

**-भारत गंगोत्री, जिलाध्यक्ष**
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट)

### मनपा की योजनानुसार काम

मनपा की योजना के अनुसार, सड़क चौड़ीकरण के लिए चिह्नांकन प्रक्रिया की गई है। किसी के भी घर पर अवैध कार्रवाई नहीं की जाएगी। नागरिकों को उचित सूचना दी जाएगी और नाप-जोख के आधार पर ही आगे का काम शुरू किया जाएगा। शहर में दीर्घकालिक यातायात सुगमता के लिए इस सड़क का कांक्रीटीकरण आवश्यक है, इसलिए प्रशासन विकास कार्य रोकने के मूड में नहीं है।

**- अलका पवार**, वार्ड अधिकारी

# अंबरनाथ में जागतिक बेघर दिन मनाया गया

- मुख्याधिकारी ने इस केंद्र का नाम 'आसरा' रखा

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा संचालित बेघर निवारा केंद्र उलन चाल में 10 अक्टूबर को मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ के मार्गदर्शन में जागतिक बेघर दिन पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. मुख्याधिकारी द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार बेघर निवारा केंद्र को 'आसरा' नाम दिया गया. स्कूली विद्यार्थियों में बेघरों के विषय में जनजागृति हो इसके लिए बेघर इस विषय पर निबंध स्पर्धा और चित्रकला स्पराधा ली गई. बेघर निवारा केंद्र के लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. लाभार्थियों के मनोरंजन के लिए भजनी मंडल द्वारा भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शाम में गानों के कार्यक्रम का आयोजन हुआ. महिला बचत गट एवं विद्यार्थियों के हाथों से लाभार्थियों को भेंट वस्तु दी गई.

विदित हो कि अंबरनाथ नगरपरिषद द्वारा उलन चाल में दो मंजिला इमारत में गत कई वर्षों से बेघर निवारा केंद्र चलाया जा रहा है. शहर के गरीबों को कहीं भी आसरा नहीं मिलता है तो वह इस बेघर निवारा केंद्र में आसरा लेते हैं. जहां रहने, खाने पीने के प्रबंध के साथ डॉक्टरों द्वारा उनकी सेहत का ख्याल भी रखा जाता है. इस निवारा केंद्र में एक टीवी भी मनोरंजन के लिए लगाया गया है. नपा द्वारा यहां पर गरीबों के लिए अच्छा प्रबंध किया गया है.

# अनाधिकृत होर्डिंग-बैनर के विरुद्ध कार्रवाई

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर के सार्वजनिक स्थानों, चौराहों, सरकारी भवनों और सड़कों के किनारे विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए अनाधिकृत विज्ञापन पोस्टर, होर्डिंग, फ्लेक्स, बैनर, झंडे आदि हटा दिए हैं।

बंबई उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका संख्या 155/2011 में दिए गए आदेश के अनुसार, त्योहार के अवसर पर लगाई गई इन सभी विज्ञापन सामग्रियों को त्योहार समाप्त होने के तुरंत बाद हटाना अनिवार्य है। इस आदेश का पालन कराने के लिए कल्याण-डोंबिवली मनपा के अतिक्रमण विभाग ने शहर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक कार्रवाई की। इस कार्रवाई में कुल 3,501 अनाधिकृत विज्ञापन सामग्रियाँ हटाई गईं, जिनमें पोस्टर/होर्डिंग (773), बैनर (2390), झंडे (303) और मेहराब (35) शामिल हैं।



फाइल फोटो

नागरिकों के सहयोग से शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है और मनपा प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस तरह के अनाधिकृत पोस्टर, बैनर और विज्ञापन लगाने वालों के खिलाफ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। मनपा की ओर से उपायुक्त समीर भूमकर ने सभी सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थाओं से अपील की है कि त्योहार समाप्त होने के बाद वे अपनी जिम्मेदारी पर सभी विज्ञापन और बैनर हटा दें, ताकि शहर स्वच्छ और आकर्षक बना रहे।

# स्टेशन परिसर क्षेत्र में फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई

**कल्याण.** दिवाली के त्योहार के दौरान नागरिकों को पैदल चलने के लिए फुटपाथ और सड़कों को फेरीवालों से मुक्त रखने के लिए, टिटवाला ए वार्ड के सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने पिछले दो दिनों में सुबह से शाम तक टिटवाला और शहाड़ रेलवे स्टेशन क्षेत्रों में कार्रवाई की और तीन टेंपो भरकर सामान जब्त किए। कई फेरीवालों के ठेलों को जेसीबी की मदद से मौके पर ही कुचल दिया गया। कुछ को जब्त कर ले जाया गया।

त्योहार के दौरान पैदल चलने के लिए सड़कें और फुटपाथ मुक्त रखने के लिए, अवैध निर्माणों के चरम के रूप में जाने जाने वाले ए वार्ड के सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने फेरीवालों को हटाने वाली टीम को कोई पूर्व सूचना दिए बिना अचानक टिटवाला पूर्व और पश्चिम रेलवे स्टेशन क्षेत्रों में फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। टिटवाला पूर्व क्षेत्र सबसे व्यस्त है। इससे पहले, ए वार्ड द्वारा इस क्षेत्र में दुकानदारों के आश्रय, ठेले और स्टॉल को पांच से छह बार जब्त कर ध्वस्त किया गया था।

साथ ही, रेलवे स्टेशन क्षेत्र में संकरी सड़क होने और सड़क के दोनों ओर फेरीवालों के बैठने के कारण, सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने फुटपाथ अवरुद्ध करने वाले फेरीवालों का सामान ज़ब्त करने और मौके पर ही ठेले तोड़ने की कार्रवाई की। जैसे ही कार्रवाई अचानक शुरू हुई, फेरीवाले अपना सामान लेकर भागने लगे। लेकिन उन फेरीवालों को मौके पर ही पकड़ लिया गया और उनके पास मौजूद सारा सामान ज़ब्त कर लिया गया। फुटपाथ पर लगे ठेलों और ठेलों को मौके पर ही तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस सुरक्षा भी मौजूद थी।



इस कार्रवाई के बाद, सहायक आयुक्त पाटिल ने शहाड पूर्व और पश्चिम रेलवे स्टेशन क्षेत्रों में और उसके आस पास सड़कों और फुटपाथों पर फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान फेरीवालों का सामान और ठेले भी जब्त कर लिए गए। पैदल मार्ग और फुटपाथ को अवरुद्ध न करने की बार-बार हिदायत देने के बाद भी फेरीवाले नहीं माने, इसलिए सहायक आयुक्त पाटिल ने आखिरकार फेरीवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस कार्रवाई के चलते दिवाली से पहले खरीदे गए सामान को महानगर पालिका की टीम ने जब्त कर लिया और फेरीवालों को दंडित किया।

नागरिक इस बात पर संतोष व्यक्त कर रहे हैं कि सहायक आयुक्त पाटिल ने पिछले दस महीनों में ए वार्ड क्षेत्र में अवैध निर्माण कर रहे भू-माफियाओं और फेरीवालों पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया है। नागरिकों का कहना है कि ए वार्ड क्षेत्र में ऐसी कार्रवाई पहले कभी नहीं की गई। सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल की इस आक्रामक कार्रवाई पर आयुक्त अभिनव गोयल ने संतोष व्यक्त किया है। डोंबिवली में एफ वार्ड की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर और सी वार्ड के सहायक आयुक्त भरत पवार द्वारा भी इसी तरह की कार्रवाई की जा रही है।

# जरूरी परीक्षण के तुरंत बाद ही मिलेगा लर्निंग लाइसेंस

**कल्याण.** फेसलेस प्रणाली के माध्यम से लर्नर लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया में बढ़ती अनियमितताओं के कारण परिवहन विभाग ने इस प्रणाली को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। कल्याण उप-क्षेत्रीय परिवहन विभाग के उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आशुतोष बारकुल ने बताया कि, कल्याण उप-क्षेत्रीय परिवहन विभाग, उम्मीदवार द्वारा आवश्यक ड्राइविंग टेस्ट पास करने और उसके बाद की प्रक्रियाएँ अपने कार्यालय में पूरी करने के तुरंत बाद उम्मीदवार को लर्नर लाइसेंस जारी करेगा।

परिवहन विभाग ने दो साल पहले नागरिकों के लिए फेसलेस प्रणाली उपलब्ध कराई थी ताकि नागरिक घर बैठे ऑनलाइन लर्नर लाइसेंस प्राप्त कर सकें। शुरुआत में, नागरिकों ने इस प्रणाली का अच्छा उपयोग किया। हाल ही में, परिवहन अधिकारियों के ध्यान में आया कि इस प्रणाली का गलत तरीके से दुरुपयोग किया जा रहा है।



परिवहन अधिकारियों ने देखा कि कई युवक-युवतियाँ, कुछ नागरिक इस प्रणाली के माध्यम से अपने आधार कार्ड पर अपनी उम्र, नाम और पता बदलकर लर्नर लाइसेंस प्राप्त कर रहे थे।

लर्नर लाइसेंस बनवाने वाले कुछ युवक दोपहिया वाहन चलाते समय दुर्घटना का शिकार हो गए थे। उस समय, यह देखा गया था कि लर्नर लाइसेंस बनवाते समय युवकों ने अपनी उम्र और पता बदल लिया था। राज्य भर से परिवहन विभाग को शिकायतें मिल रही थीं कि फेसलेस प्रणाली के माध्यम से अवैध रूप से लर्नर लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं।

इन सभी शिकायतों को ध्यान में रखते हुए, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने फेसलेस प्रणाली के माध्यम से लर्नर लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। लर्नर लाइसेंस बनवाने के लिए, उम्मीदवारों को अब अपने नजदीकी आरटीओ कार्यालय में जाकर वहाँ आवश्यक स्थायी परीक्षा देनी होगी, और उम्मीदवार को लर्नर लाइसेंस मिल जाएगा।

कल्याण के उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आशुतोष बारकुल ने बताया कि चूँकि सरकार ने फेसलेस प्रणाली के माध्यम से लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है, इसलिए कल्याण आरटीओ कार्यालय ने लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आने वाले उम्मीदवारों के लिए एक ऑनलाइन परीक्षा केंद्र स्थापित करके, उस परीक्षा के परिणाम तुरंत प्रकाशित करके और उन्हें तुरंत जारी करके लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की आवश्यक प्रक्रिया तुरंत पूरी कर ली है।

# 4 हजार लोगों को दिवाली सामग्री का वितरण

- 10 रुपए में 428 रुपयों का सामान वितरित

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शिवसेना द्वारा हजारों लोगों में दिवाली साहित्य, फराल, रविवार को शिवसेना शाखा खुंटवली में केवल 10 रुपए में वितरित किया गया. 10 रुपए में 428 रुपयों का साहित्य एक किलो रवा, एक किलो मैदा, दाल, मीटा तेल, शक्कर, सेंगदाना, चूड़ा मसाला आदि लेने के लिए शाखा के बाहर सुबह से ही लंबी कतार लग गई थी. शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर द्वारा गत कई वर्षों से शहर पश्चिम एवं शहर पूर्व में शिवसेना मुख्य शाखा में ये कार्यक्रम किया जाता है. अध्यक्ष अरविंद वालेकर, पूर्व नगराध्यक्षा मनिषा वालेकर, पूर्व उपनगराध्यक्ष राजेंद्र वालेकर, पूर्व नगरसेवक निखिल वालेकर व अन्य नेताओं के हाथों ये साहित्य वितरित किए गए. लगभग चार घंटे तक लोगों को साहित्य वितरित किया गया. बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अरविंद वालेकर, मनिषा वालेकर ने कहा कि हम गत कई वर्षों से शहर में लगभग 8 हजार लोगों में दिवाली साहित्य का वितरण करते हैं ताकि जरूरतमंद भी अपने घरों में दिवाली की खुशियां मना सकें. ये सब करने से उन्हें एक अलग खुशी महसूस होती है.



साहित्य प्राप्त करने के बाद महिलाओं ने बताया कि वह दिवाली में इन साहित्य से लड्डू-चिवड़ा, करंजी, मिठाई आदि बनाएंगे. उन्होंने वालेकर परिवार का एवं शिवसेना का आभार व्यक्त किया. वालेकर ने कहा है कि शिवसेना का नारा है - 80% समाजकारण एवं 20% राजकारण. उस पर अमल करते हुए वह हर वर्ष ऐसे कई कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## दुनिया को मिला शांति का संदेश

वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का एलान न केवल शांति के पक्ष में उनके दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, बल्कि महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से भी इसे एक मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है। शांति का अर्थ व्यापक है, इसमें संघर्ष और हिंसा से दूर रहना, समाज में सद्भाव एवं समानता, मानवाधिकारों की रक्षा, समृद्धि और न्याय जैसे तत्त्व भी शामिल होते हैं। मचाडो को अपने देश में लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और विपक्ष को एकजुट कर संपूर्ण व्यवस्था में सुधार लाने के वास्ते शांतिपूर्ण प्रयासों के लिए यह पुरस्कार मिला है।

उन्हें एक ऐसी शख्सियत के तौर पर देखा जा रहा है, जिन्होंने तमाम मुश्किलों और बाधाओं को अपने साहस एवं जज्बे से मात देकर शांति की राह पर आगे बढ़ने की सीख दी है। उन्हें एक ऐसी महिला के रूप में भी मान्यता मिली है, जो व्यवस्थागत अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए रखने में सक्षम हैं। इससे पहले उन्हें यूरोपीय संघ के सर्वोच्च मानवाधिकार पुरस्कार 'सखारोव' से भी सम्मानित किया जा चुका है।

मारिया मचाडो वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार थीं, लेकिन चुनाव प्रक्रिया के दौरान उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इससे पहले उन्होंने गहन तौर पर विभाजित रहे विपक्ष को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने एक ऐसा विपक्ष खड़ा किया, जिसने स्वतंत्र चुनाव और प्रतिनिधि सरकार की मांग को समान रूप से उठाया। बाद में उन पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए गए। उनकी जान को गंभीर खतरा था, इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और वे शांतिपूर्ण तरीके से लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहीं।

यह सच है कि किसी भी पुरस्कार का असली हकदार वही होता है, जिनके अभूतपूर्व कार्यों और उनके प्रभाव की तस्वीर धरातल पर साफ नजर आती हो। सिर्फ दावों का डंका बजाकर किसी समाज, राष्ट्र या दुनिया में धारणा का एक अस्थिर ढांचा खड़ा करने की कोशिश करने वालों की सच्चाई छिप नहीं पाती है। मचाडो को मिला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार वास्तव में महिलाओं को हर परिस्थिति में संघर्ष करते रहने की प्रेरणा भी देता है।

# विचार : एक-दूसरे की जरूरत बने भारत-ब्रिटेन

ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीएर स्टार्मर और उनके साथ 125 सदस्यीय विशाल प्रतिनिधिमंडल भारत आ चुका है। बतौर प्रधानमंत्री यह उनका पहला भारत दौरा है। इससे पहले जुलाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक ब्रिटिश दौरे के बाद द्विपक्षीय संबंधों के दृष्टिकोण से स्टार्मर के भारत दौरे पर नजरें टिकी हुई थीं। वैश्विक उथलपुथल और टैरिफ को लेकर चल रही खींचतान ने भी इस दौरे का महत्व और बढ़ा दिया है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी के ब्रिटिश दौरे पर जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, इस दौरे पर उनकी प्रगति की समीक्षा के साथ ही द्विपक्षीय रिश्तों को नए आयाम दिए जाने की व्यापक रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के इतने बड़े दल के साथ स्टार्मर का आना इस दौरे की महत्ता को ही दर्शाता है। इस समय ब्रिटिश अर्थव्यवस्था जिन चुनौतियों से जूझ रही है उन्हें देखते हुए यह स्वाभाविक है कि उनसे निपटना सरकार की प्राथमिकता में होगा, क्योंकि मौजूदा परिस्थितियों में प्रधानमंत्री की लोकप्रियता भी प्रभावित हो रही है। इसलिए स्टार्मर चाहेंगे कि वे इस दौरे को अधिक से अधिक सार्थक बनाकर ही स्वदेश लौटें।

स्टार्मर के दौरे के कार्यक्रम की रूपरेखा से ही यही संकेत मिलते हैं कि आर्थिक-रणनीतिक एवं सांस्कृतिक संबंध इसके मूल में हैं। चाहे दौरे के लिए भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई का चयन हो या उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से उनकी मुलाकात, सीईओ फोरम में



भागीदारी हो या ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में सहभागिता या भारतीय फिल्म निर्माण से जुड़े केंद्रों का अवलोकन, इन सभी गतिविधियों की आर्थिक एवं सांस्कृतिक कड़ियां जुड़ी हुई हैं। जुलाई में पीएम मोदी के ब्रिटेन दौरे पर जिस मुक्त व्यापार समझौते पर बात बनी थी, उसे प्रभावी बनाने से जुड़ी चर्चा भी इस दौरे के एजेंडे में शामिल है। इस बीच, ब्रिटिश कंपनियों द्वारा भारत में बड़े पैमाने पर निवेश की बात भी प्रमुखता से हो रही है, जिससे आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे ब्रिटेन की आर्थिकी को बड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है।

यह दौरा उस पहलू को भी रेखांकित करता है कि भारत-ब्रिटेन संबंध अतीत की औपचारिकताओं से आगे बढ़कर व्यावहारिकता और परस्पर लाभ एवं विश्वास पर केंद्रित हो चले हैं। एक समय दोनों देशों के रिश्ते ऐतिहासिक संबंधों और प्रवासियों से तय होते थे, लेकिन अब ये उन बंदिशों से बाहर निकलकर भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी जैसी पहल से निर्धारित हो रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने वर्ष 2035 तक कुछ महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इसके जरिये व्यापार एवं निवेश, तकनीकी समन्वय एवं रक्षा सहयोग, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए साझा प्रयास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा का उन्नयन और लोगों के बीच बेहतर सामाजिक संपर्क जैसे बिंदु शामिल हैं। इस दौरे पर इन पहलुओं की समीक्षा होना स्वाभाविक है। इसमें भी व्यापार एवं निवेश और सामरिक रणनीति के ही मुख्य रूप से केंद्र में रहने के आसार हैं। दोनों देशों ने अपने व्यापार को बढ़ाकर जल्द ही 42 अरब पाउंड तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। इसमें मुक्त व्यापार समझौते की भूमिका अहम होने वाली है। करीब तीन साल के अथक प्रयासों के बाद अमल में आया यह व्यापार समझौता इतनी ठोस बुनियाद पर किया गया है कि अब जिन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर चर्चा हो रही है, उसमें यही समझौता मानक बन गया है। इससे मिलने वाले परस्पर लाभ को इसी से समझा जा सकता है कि जहां ब्रिटेन के एल्कोहल उद्योग एवं वाहन उद्योग की भारत जैसे बड़े एवं उभरते बाजार में पहुंच बनेगी, वहीं भारत के कपड़ा, चमड़ा एवं रत्न-आभूषण जैसे व्यापक श्रम खपत वाले उद्योगों को ब्रिटेन जैसे आकर्षक बाजार में पैठ बढ़ाने में मदद मिलेगी। ट्रंप की आक्रामक नीतियों के इस दौर में यह समझौता और अधिक उपयोगी साबित होता दिख रहा है।

भारत और ब्रिटेन के बीच बढ़ते समन्वय के बीच कुछ गतिरोध अभी भी बने हुए हैं। जैसे व्यापार समझौते के बावजूद ब्रिटेन में भारत के स्टील एवं फर्टिलाइजर उत्पादों को लेकर कुछ हिचक का माहौल है। इसके पीछे इन उद्योगों के कार्बन उत्सर्जन को एक कारण बताया जा रहा है। इसी तरह भारत में ब्रिटिश कानूनी सेवाओं को लेकर भी विरोध के स्वर सामने आए हैं।



आध्यात्मिक उन्नति निर्भर करती है मन की स्थिरता पर, मानसिक उलझनों और लगावों से मुक्त होने पर।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# मतदाता सूची से जुड़े सवालों के नहीं आ सके जवाब

बिहार में विधानसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है, लेकिन अब भी मतदाता सूची से जुड़े सवालों के संतोषजनक जवाब सामने नहीं आ सके हैं। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को इस संबंध में निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करने की जरूरत पड़ रही है। हालांकि अदालत की ओर से दिए गए निर्देश आयोग के अपने दायित्व में शामिल होने चाहिए थे। हाल ही में निर्वाचन आयोग ने गहन पुनरीक्षण की कवायद के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की थी। अब उसमें बाहर किए गए मतदाताओं की संख्या और उनके अधिकारों को लेकर फिर से सवाल उठे हैं। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने साफ कहा कि अंतिम मतदाता सूची से जिन तीन लाख छियासठ हजार लोगों के नाम हटाए गए हैं, उन सबको अपील करने का उचित अवसर दिया जाए। अदालत के मुताबिक, प्रभावित लोगों के पास सिर्फ एक पंक्ति का कोई जटिल आदेश नहीं, बल्कि विस्तृत ब्योरा होना चाहिए कि उनके नाम क्यों शामिल नहीं किए गए। देश में बहुत सारे लोगों के लिए सरकारी आदेशों की जटिल भाषा समझना कोई आसान काम नहीं है। सिर्फ इस वजह से कितने लोग अपने वाजिब और कानूनी अधिकारों से वंचित हो जाते हैं, यह शोध का विषय



है। ऐसे में जब चुनाव के दिन अब बहुत कम रह गए हैं, निर्वाचन आयोग की ओर से आम लोगों को किसी ऐसी भाषा में आदेश दिया जाता है, जो उनकी स्थिति की सटीक और आसान व्याख्या नहीं करता है या वे उससे संतुष्ट नहीं होते हैं, तो उन्हें समझने के लिए आयोग ने क्या व्यवस्था की है।

यों भी, अगर किसी व्यक्ति को यह जानकारी नहीं है कि उसका नाम मतदाता सूची से क्यों हटाया गया, तो इस मसले का हल नहीं निकल सकता। फिर अंतिम सूची से हटाए गए वैसे बहुत सारे लोग हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति या फिर जागरूकता का स्तर यह नहीं है कि वे कानूनी सहायता लेकर अपनी मुश्किल को दूर करने की कोशिश करें। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए शीर्ष अदालत ने बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से अपने जिला स्तरीय निकायों को यह निर्देश जारी करने को कहा कि वे मतदाता सूची से बाहर किए गए सभी मतदाताओं को निर्वाचन आयोग में अपील दायर करने के लिए मुफ्त कानूनी सहायता करें।

विडंबना यह है कि मतदाता सूची में सिर्फ पात्र और वैध मतदाताओं का नाम बने रहने की जिस कवायद को पूरी तरह विवादरहित होना चाहिए था, वह कई तरह के आरोपों में घिरी दिखती है और एक तरह से यह राजनीतिक मुद्दा बन गई। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में विदेशियों के होने का भी मुद्दा उठा था। अब अंतिम सूची जारी होने के बाद निर्वाचन आयोग से अगर यह पूछा जा रहा है कि कितने विदेशी लोग पाए गए, तो यह अप्रत्याशित नहीं है।

इसके अलावा, अब भी एक ही पते पर कई-कई मतदाताओं के नाम दर्ज होने से लेकर गलत मकान नंबर, अस्पष्ट नाम आदि प्रविष्टियों में गंभीर चूक को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में यह सोचने की जरूरत है कि मतदाता सूची के पूरी तरह शुद्धिकरण के दावे के साथ निर्वाचन आयोग ने गहन पुनरीक्षण की जो कवायद की, उसका हासिल क्या रहा है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि मतदाता सूची में बने रहने के लिए निर्वाचन आयोग ने जिस तरह आधार कार्ड को अमान्य कर दिया था, अगर सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से उसे एक स्वीकार्य दस्तावेज नहीं बताया गया होता, तो कितने और लोग मतदाता सूची से बाहर होते।

# कैंसर की दुनिया में बड़ी खोज : मिला नेचुरल किलर

कैंसर जैसी घातक बीमारी के खिलाफ लड़ाई में एक नया हथियार मिला है, जो नेचुरल किलर सेल्स पर आधारित है. हार्वर्ड मेडिकल

**जरा हट के**

स्कूल और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) के शीर्ष वैज्ञानिकों ने CAR-NK (काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर नेचुरल किलर) सेल्स को इंजीनियर करके ऐसा सिस्टम विकसित किया है, जो कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने में कीमोथेरेपी से भी ज्यादा असरदार साबित हो रहा है.

यह खोज ना केवल ट्यूमर को जड़ से मिटाने में सफल रही है, बल्कि गंभीर इम्यून साइड इफेक्ट्स के जोखिम को भी कम करती है. रिसर्च 8 अक्टूबर को नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में पब्लिश हुई, जो कैंसर इम्यूनोथेरेपी की दुनिया में मील का पत्थर साबित हो सकती है. नेचुरल किलर (NK) सेल्स इम्यून सिस्टम का प्राकृतिक हिस्सा हैं, जो वायरस या कैंसर



जैसी खतरनाक कोशिकाओं को बिना किसी ट्रेनिंग के पहचानकर मार गिराती हैं. ये सेल्स डीग्रैनुलेशन प्रोसेस के जरिए परफोरिन प्रोटीन रिलीज करती हैं, जो टारगेट कोशिका में छेद करके उसकी मौत का कारण बनता है.

पारंपरिक CAR-T थेरेपी की तरह, CAR-NK सेल्स को भी पेशेंट के ब्लड से निकालकर CAR प्रोटीन से लैस किया जाता है, जो कैंसर कोशिकाओं पर मौजूद स्पेसिफिक प्रोटीन (जैसे CD-19) को टारगेट करता है. लेकिन समस्या ये थी कि डॉनर NK सेल्स को पेशेंट का इम्यून सिस्टम विदेशी समझकर रिजेक्ट कर देता था, जिससे थेरेपी असफल हो जाती थी. इस नई रिसर्च में MIT के कोच इंस्टीट्यूट और डाना-फार्बर कैंसर इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं ने एक स्मार्ट सॉल्यूशन निकाला. उन्होंने NK सेल्स में HLA क्लास 1 प्रोटीन को साइलेंस करने के लिए शॉर्ट इंटरफेयरिंग RNA (siRNA) का इस्तेमाल किया. HLA प्रोटीन T-सेल्स को NK सेल्स को 'सेल्फ' ना मानकर अटैक करने का सिग्नल देते हैं. इसे दबाकर NK सेल्स 'अदृश्य' हो जाती हैं. साथ ही, PD-L1 या सिंगल-चेन HLA-E (SCE) प्रोटीन एक्सप्रेस करके कैंसर-किलिंग जीन को एक्टिवेट किया, जो सेल्स को ज्यादा घातक बनाता है.




# रबड़ी मलाई टोस्ट

क्या आपको मीठा खाने का मन कर रहा है, लेकिन रसोई में बहुत देर तक खड़े होने का समय नहीं है? तो यह 'रबड़ी मलाई टोस्ट' की रेसिपी आपके लिए ही है। यह न सिर्फ बनाने में बेहद आसान है, बल्कि इसका मलाईदार टेक्सचर आपको दीवाना बना देगा। जी हां, सिर्फ 10 मिनट में आप एक ऐसी मिठाई तैयार कर सकते हैं, जो मेहमानों को भी हैरान कर देगी। आइए, बिना देर किए नोट कर लीजिए इसे बनाने का आसान तरीका।

**सामग्री :**

- ब्रेड स्लाइसः 4 (किनारे हटा दें)
- मलाईः ½ कप
- चीनीः 2-3 चम्मच (स्वादानुसार)
- इलायची पाउडरः ¼ चम्मच
- दूधः 2-3 चम्मच



- कटे हुए ड्राई फ्रूट्सः 1 बड़ा चम्मच (बादाम, पिस्ता)
- केसर के धागे (ऑप्शनल): थोड़े-से

**विधि :**

एक कटोरी में मलाई, चीनी, इलायची पाउडर और दूध डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसे इतना फेंटें कि यह एक चिकना और क्रीमी पेस्ट बन जाए। ब्रेड के किनारों को काट लें। एक तवे को गरम करके उस पर ब्रेड को बिना तेल या घी के हल्का सुनहरा होने तक सेंक लें। आप चाहें तो थोड़ा घी लगाकर भी इसे सुनहरा कर सकते हैं।

अब एक ब्रेड स्लाइस लें और उस पर तैयार रबड़ी मलाई की मोटी परत फैलाएं। दूसरी ब्रेड स्लाइस से इसे ढक दें। ऊपर से बचे हुए ड्राई फ्रूट्स और केसर से सजाएं। आप इसे थोड़ा ठंडा करके या तुरंत ही परोस सकते हैं। यह मिठाई इतनी लाजवाब है कि इसका स्वाद आपके मेहमानों और परिवार को हमेशा याद रहेगा।

# घर में खिलाइए कमल का फूल

अगर आप भी चाहते हैं कि आपके घर में कमल का फूल खिले, तो नीचे बताए गए आसान तरीकों को अपनाकर इसे कुछ ही महीनों में उगा सकते हैं.

**पूरी प्रक्रिया....**

### 1. बीज का चुनाव

कमल को दो तरीकों से उगाया जा सकता है – बीज से या फिर कंद से. लेकिन घर में गमले के लिए बीज से उगाना ज्यादा सुविधाजनक होता है. कमल के बीज बाजार में अक्सर "कमल गट्टे" के नाम से मिलते हैं. अगर आपके पास ये उपलब्ध नहीं हैं, तो इन्हें ऑनलाइन भी मंगाया जा सकता है.

### 2. बीज को तैयार करना

बीज को सीधा मिट्टी में लगाने से वह जल्दी नहीं उगता. इसके लिए सबसे पहले बीज को कुछ दिन पानी में भिगोकर रखना होता है. पानी में डालने से बीज की ऊपरी परत नरम हो जाती है और अंकुर जल्दी निकलता है. आमतौर पर 15 से 20 दिनों में बीज से छोटा पौधा निकल आता है और जड़ें बनने लगती हैं. हर दिन पानी बदलना जरूरी होता है, नहीं तो बीज सड़ सकते हैं. जैसे ही बीज से जड़ें दिखने लगें, समझ लीजिए अब यह पौधा मिट्टी में लगाने के लिए तैयार है.



### 3. गमला और मिट्टी तैयार करना

कमल उगाने के लिए चौड़ा और गहरा गमला लेना चाहिए. खास बात यह है कि गमले में कोई छेद नहीं होना चाहिए, क्योंकि इसमें पानी भरकर रखना होता है. अब गमले की सबसे नीचे की परत में गोबर की खाद (लगभग 2 इंच मोटी) बिछाएं. इसके ऊपर मिट्टी की एक परत डालें और थोड़ा पानी मिलाकर कीचड़ जैसा मिश्रण बना लें.

अब जो अंकुरित बीज हैं, उन्हें इस कीचड़ में धीरे से लगाएं. ध्यान रहे कि सिर्फ जड़ें ही कीचड़ में जाएं, ऊपर की पत्तियों को मिट्टी से ढकना नहीं है.

### 4. धूप और पानी की व्यवस्था

गमला तैयार होने के बाद उसमें पानी भर दें. पानी इतना हो कि पौधे की पत्तियां पानी की सतह पर तैरती रहें. अब इस गमले को ऐसी जगह रखें जहां पूरे दिन धूप आती हो. कमल के पौधे को अच्छी धूप की जरूरत होती है, तभी उसमें फूल आ पाते हैं.

अगर धूप कम मिलेगी, तो पौधा धीरे-धीरे मुरझाने लगेगा और फूल नहीं खिलेगा.

### 5. देखभाल और समय

एक बार जब पौधा जम जाता है, तो ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती. बस समय-समय पर पानी बदलते रहें और गमले को साफ रखें. लगभग 3 से 5 महीनों में पौधे पर पहला फूल खिलने लगता है.

**कमल से जुड़ी दिलचस्प बातें**

- गुलाबी कमल भारत और वियतनाम का राष्ट्रीय फूल है.
- यह सफेद, लाल, नीला, पीला और जामुनी रंग में भी पाया जाता है.
- कमल के सभी हिस्से – पंखुड़ी, पत्ते, बीज और जड़ें उपयोगी होते हैं और कई जगहों पर खाए भी जाते हैं.
- यह पौधा कई वर्षों तक जीवित रह सकता है और हर साल नए फूल देता है.

## आज का राशिफल

**मेष** : उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ होगा।

**वृषभ** : चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** : विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा।

**कर्क** : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह** : योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी। शत्रुओं का पराभव होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** : कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धनप्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला** : बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। घर में तनाव रह सकता है। दूसरे लोग आपसे अधिक अपेक्षा करेंगे।

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है, लाभ लें। घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु** : स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। लापरवाही न करें।

**मकर** : रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर सभी ओर से सफलता तथा प्रसन्नता प्राप्त होगा।

**कुंभ** : विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दु:खद समाचार मिल सकता है। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा। रुके कार्य पूरे होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# मुंह की बदबू से परेशान?

## अपनाएं ये पुराने ज़माने का तरीका

हर सुबह सबसे पहले सभी लोग ब्रश करते हैं, जिस कारण लगातार दांतों में समस्या देखी जा रही है. इसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है. प्रतिदिन ब्रश करने के बावजूद दांत साफ नहीं हो पाते और पीले दिखाई देते हैं, जिस कारण लोग अक्सर परेशान रहते हैं.

प्रतिदिन सुबह उठने के बाद नीम की दातुन करने से आपके दांत सफेद मोती जैसे दिखेंगे और दांतों के पीलापन से छुटकारा मिल जाएगा. सदियों पहले, जब न तो टूथब्रश था और न ही केमिकल युक्त पेस्ट, तब दातुन ही लोगों की पहली पसंद थी और दांतों में होने वाली बीमारियों से लोगों को छुटकारा मिलता था.

नीम का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर होता है. दातुन करने से आप अपने दांतों के साथ-साथ अपनी जीभ भी साफ कर सकते हैं. वैसे तो दातुन के लिए कई तरह के पेड़ों की टहनियां इस्तेमाल की जा सकती हैं, मगर नीम की दातुन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है.

आयुर्वेद में नीम के दातून को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद बताया गया है. नीम की दातून नेचुरल माउथ फ्रेशनर का भी काम करती है, जिससे मुंह से दुर्गंध नहीं आती है. माना जाता है कि दातून से दांत तो साफ होते



ही हैं, साथ ही पाचन क्रिया भी दुरुस्त रहती है. नियमित दातून करने से दांतों से जुड़ी कई दिक्कतें दूर हो जाती हैं. बदलते लाइफस्टाइल में कुछ भी और कभी भी खा लेना दांतों को नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे दांतों में कई तरह की समस्याएं हो रही हैं. ऐसे में पायरिया की समस्या भी होना आम हो गया है. मगर दातून के इस्तेमाल से इस समस्या से बचाव रहता है. नीम की दातून करने से मसूड़ों को मजबूती मिलती है.

भारतीय परंपराओं में नीम के दातुन को एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य प्रथा माना जाता है. नीम की शाखाओं और पत्तों में प्राकृतिक एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो दांतों की बीमारियों को दूर करने में सहायक होते हैं. नीम के पत्तों में औषधीय गुण पाचन तंत्र को सुधारते हैं, प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं और त्वचा की समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं.

# कैंसर जैसी बीमारियों का काल है मूली...

सर्दी हो या गर्मी हर मौसम में मूली खाना लोगों को बेहद पसंद होता है ऐसे में मूली हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है क्या आप जानते हैं मूली का सेवन करने से कई बीमारियों से छुटकारा भी मिल सकता है. पाचन तंत्र के लिए मूली रामबाण होती है.मूली के पोषण की बात करें तो यह कैलोरी में कम, फाइबर में ज्यादा, पोटेशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है

मूली के पत्तों में मूली की तुलना में दो गुने एंटीऑक्सीडेंट होते है इसके सेवन से पाचन को दुरुस्त रखने, कैंसर से बचने, वजन कंट्रोल करने, लिवर को स्वस्थ रखने, और ब्लड शुगर कंट्रोल कंट्रोल रखने में मदद मिलती है.मूली का सेवन ब्लड शुगर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है.

मूली में आइसोथायोसाइनेट्स नामक यौगिक पाया जाता है.ये यौगिक कैंसर की रोकथाम और इलाज में सहायक हो सकते हैं. आप मूली सलाद के रूप में या मूली का अचार भी खा सकते हैं. मूली खाने से लीवर और किडनी स्वस्थ रहती है.

मूली खाने से हमारा स्वास्थ्य काफी अच्छा रहता है. इसमें कई एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाए जाते हैं पीलिया की समस्या से छुटकारा दिलाने में मूली काफी फायदेमंद साबित हो सकती है.शरीर में खून की कमी के



कारण एनीमिया के शिकार हो जाते हैं. इस रोग से छुटकारा पाने के लिए मूली के पत्तों का रस निकालकर दिन में 3 बार 20-20 मिली पिएं। इससे आपको लाभ मिलेगा.

आप पथरी की समस्या से परेशान है तो मूली रामबाण साबित हो सकती है.इसके लिए 100 ग्राम मूली के पत्तों का रस निकाल लें. इसे दिन में करीब 3 बार पिए. इससे स्टोन यूरीन के माध्यम से पथरी बाहर निकल जाएगी यह आप सलाद के रूप में भी मूली को खा सकते हैं.

शाम के समय मूली नहीं खाना चाहिए क्योंकि शाम के समय मूली खाने से सेहत पर इसका बुरा असर पड़ता है कभी भी खाली पेट मूली का सेवन न करे। मूली खाने के बाद दूध नहीं पीना चाहिए.चने के साथ मूली का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है. अगर आपको गले में सूजन, दर्द और शरीर में सूजन की समस्या बढ़ सकती है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### शादी के पांच महीने बाद विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव, दहेज के लिए हत्या का आरोप

**सीतापुर.** यूपी के सीतापुर जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के सैदापुर गांव में रविवार की सुबह एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। विवाहिता की शादी पांच माह पूर्व हुई थी। मृतका के मायके वालों ने दहेज की मांग पूरी न कर पाने के चलते ससुरालीजन पर बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। सैदापुर गांव निवासी सरस्वती (23) पत्नी मुनेश्वर प्रसाद का शव कमरे में छत के कुंडे से फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतका का मायका पिसावां थाना क्षेत्र के नवगवां गांव में है। मृतका के पिता शिव सागर वर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उनकी बेटी की शादी पांच माह पूर्व 13 मई को सैदापुर निवासी रामजन के बेटे मुनेश्वर उर्फ गोलू के साथ हुई थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले बाइक और सोने की चैन की अतिरिक्त मांग कर रहे थे।

### बीच सड़क पत्नी के सामने युवक की हत्या

यूपी के अलीगढ़ में क्षेत्र के गांव रफायतपुर के मोड़ पर शनिवार रात को एक राजमिस्त्री की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह पत्नी को दवा दिलाकर बाइक से लौट रहा था, तभी बाइक पर आए आरोपी ने सीने में गोली मार दी। गौंडा क्षेत्र के गांव कलुआ निवासी 30 वर्षीय रिंकू पत्र हरप्रसाद चिनाई का काम करते थे। परिजनों के अनुसार पत्नी ब्रजेश बीमार चल रही थीं। रात करीब साढ़े आठ बजे गांव रफायतपुर भट्ठे के पास मोड़ पर पीछे से बाइक सवार व्यक्ति आया। उसने ओवरटेक करके बगल में आकर गोली मार दी। इससे रिंकू बाइक समेत नीचे गिर गए। कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले ही आरोपी फरार हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आनन-फानन रिंकू को लहूलुहान हालत में जेएन मेडिकल कॉलेज में लाया गया, जहां उनको मृत घोषित कर दिया।

### तेज रफ्तार कंटेनर ने 3 को कुचला, एक की मौत

**झांसी.** यूपी के झांसी में रक्सा थाना क्षेत्र में रविवार तड़के झांसी-ललितपुर एनएच पर डोंगरी पुल के पास खराब हार्वेस्टर ठीक कर रहे तीन लोगों को तेज रफ्तार कंटेनर ने कुचल दिया। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कंटेनर चालक समेत तीन गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने केबिन काटकर चालक को बाहर निकाला। कड़ी मशक्कत के एक घंटे बाद यातायात सुलभ हो सका। बरेली के रहने वाले चमन अपने साथी सलीम और सलमान जिला ललितपुर के महरौनी में फसल काटने आए थे।

# चिदंबरम बोले- ऑपरेशन ब्लू स्टार 'गलत तरीका' था

- ये केवल इंदिरा गांधी का फैसला नहीं था, उन्होंने इसकी कीमत जान देकर चुकाई



**नई दिल्ली.** पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा, 'जून 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया ऑपरेशन ब्लू स्टार 'गलत तरीका' था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। हालांकि, यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था। इसमें आर्मी, पुलिस, 'इंटेलिजेंस और प्रशासनिक अफसर भी शामिल थे।'

### खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल हुए थे चिदंबरम

- इंडिया एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, चिदंबरम शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली पहुंचे थे। यहां 'खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल' में पत्रकार हरिंदर बावेजा की किताब 'They Will Shoot You, Madam' की चर्चा में शामिल हुए। बावेजा के कमेंट- इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के अपने फैसले की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।
- इस पर चिदंबरम ने कहा था- किसी सैन्य अधिकारी का अपमान किए बिना मैं कहना चाहता हूं कि स्वर्ण मंदिर को वापस पाने का वह गलत तरीका था। कुछ साल बाद हमने बिना सेना के उसे वापस पाने का सही तरीका दिखाया। ब्लू स्टार गलत तरीका था। मैं मानता हूं कि श्रीमती गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

ऑपरेशन ब्लू स्टार पर बीते 6 महीने दूसरी बार बड़ा बयान आया है। इससे पहले 4 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे कहते नजर आए थे कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

### गैंगरेप केस में ममता बनर्जी का विवादित बयान

# लड़कियों को रात में नहीं जाने देना चाहिए बाहर



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में मेडिकल की छात्रा के साथ हुए गैंगरेप के मामले के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाने देना चाहिए। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया था। लड़की ओडिशा की रहने वाली है और रात में अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए गई थी, जिसके बाद अचानक से तीन अज्ञात लोग वहां पहुंच गए और मेडिकल कॉलेज के कैंपस के पास उसके साथ बलात्कार किया। मामले के वक्त लड़की का दोस्त घटनास्थल से फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस घटना में संदिग्ध भूमिका के कारण एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है।

एमबीबीएस छात्रा के साथ गैंगरेप पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ₹यह एक निजी कॉलेज है। तीन हफ्ते पहले ओडिशा में समुद्र तट पर तीन लड़कियों के साथ बलात्कार किया गया था। ओडिशा सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है? लड़की एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। वह रात 12.30 बजे कैसे बाहर आई? जहां तक मुझे पता है, घटना जंगल के इलाके में हुई थी। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। जांच जारी है। मैं इस घटना को देखकर स्तब्ध हूं, लेकिन निजी मेडिकल कॉलेजों को भी अपने छात्रों और विशेष रूप से लड़कियों का ध्यान रखना चाहिए।₹

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगे कहा, ₹...लड़कियों को रात में बाहर (कॉलेज से) जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्हें अपनी सुरक्षा भी करनी होगी। यह एक वन क्षेत्र है। पुलिस सभी लोगों की तलाशी ले रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। जो भी दोषी होगा उसे सख्त सजा दी जाएगी। तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। हम कड़ी कार्रवाई करेंगे... जब ऐसा दूसरे राज्यों में होता है, तो यह भी निंदनीय है। ऐसी घटनाएं मणिपुर, यूपी, बिहार, ओडिशा में हुई हैं, हमें भी लगता है कि सरकार को वहां कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे राज्य में, हमने 1-2 महीने के भीतर लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया, और निचली अदालत ने आरोपियों को फांसी देने का आदेश दिया।₹

### दिल्ली में समय से पहले ठंड की दस्तक?

**नई दिल्ली.** दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से मौसम ठंडा हो गया है। पिछले दिनों में हुई बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। ऐसे में इस साल दिल्ली समेत पूरे देश में ठंड समय से पहले दस्तक दे सकती है। पिछले हफ्ते श्रीनगर में समय से पहले बर्फबारी हुई और जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में भी मध्यम से बारिश हुई जिससे हवा में ठंडक बढ़ गई। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में भी पूरे हफ्ते बर्फबारी जारी रही और राज्य के निचले इलाकों में भी बारिश हुई। मौसम एक्सपर्ट्स का मानना है कि समय में पहले ठंड की दस्तक की वजह मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान में गिरावट के कारण हो रही ला नीना स्थितियां हैं।

### गाजा शांति सम्मेलन के लिए मोदी को बुलावा

- ट्रंप और सीसी की अध्यक्षता में बैठक

गाजा में पिछले दो साल से जारी संघर्ष अब शांति में बदलता नजर आ रहा है। सीजफायल लागू होने की प्रक्रिया का पूरा खाका तैयार करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अब मिस्त्र में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से इस समझौते को अंतिम रूप देने की तैयारी में हैं। मिस्त्र के शर्म अल शेख में सोमवार 13 अक्तूबर को होने वाली इस बैठक में पीएम मोदी को भी आमंत्रित किया गया है। हालांकि इस सम्मेलन में भारत का प्रतिधित्व करने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह शामिल होंगे। गौरतलब है कि यह सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी की संयुक्त अध्यक्षता में होगा।

इस सम्मेलन के लिए उत्साहित मिस्त्र के राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कहा गया है कि इसमें 20 से अधिक देशों के नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। भारत सरकार की तरफ से जारी किए गए बयान में भी इस निमंत्रण की पुष्टि करते हुए कहा गया है कि गाजा में शांति में लिए आयोजित होने वाले सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, उनकी जगह पर विदेश राज्य मंत्री वहां भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए 3 उम्मीदवारों का किया ऐलान




**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में तीन उम्मीदवारों के नाम हैं। भगवा पार्टी ने गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और सत पाल शर्मा को मैदान में उतारा है। आपको बता दें कि चुनाव आयोग ने चार सीटों के लिए चुनाव के लिए तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं।

विधानसभा में अपनी संख्या के आधार पर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को तीन सीटों पर बढ़त हासिल है जबकि भाजपा को एक सीट पर बढ़त हासिल है। इसके बावजूद भाजपा ने तीन कैंडिडेट के नाम की घोषणा करके लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। इस बात की संभावना है कि अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने हेतु अन्य दलों के विधायकों को लुभाने की गहन कवायद शुरू करेगी।

जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को 24 अक्टूबर को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए अपने तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की और कहा कि चौथी सीट के लिए कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है।

# युवक से पैर धुलवाए, पानी पीने को मजबूर किया

- दमोह में सोशल मीडिया पर मीम डालने की सजा
- 6 लोगों पर FIR



**दमोह.** दमोह में सोशल मीडिया पर एक मीम डालने के बदले युवक को दूसरे युवक के पैर धोकर पानी पीने की सजा दी गई। इसका वीडियो भी बनाया गया। वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

कांग्रेस ने इसे मानवता को शर्मसार करने वाला और संविधान के खिलाफ बताते हुए मध्य प्रदेश सरकार को घेरा है। जिसके जवाब में बीजेपी के मध्यप्रदेश प्रवक्ता आशीष अग्रवाल ने X पर लिखा- कांग्रेस को हर अपराध में राजनीति दिखती है, जबकि भाजपा की मोहन सरकार में तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाती है।

दरअसल, दमोह के सतरिया गांव में शराबबंदी लागू है। कुछ दिन पहले यहां अनुज उर्फ अन्नू पांडे नाम का युवक शराब बेचते और पीते मिला था। इसके बाद गांव के ही एक युवक ने अन्नू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला, जिसमें एआई टेक्निक से उसे जूते की माला पहने दिखाया।

ये वीडियो वायरल होते ही गांव के कुछ लोग आक्रोशित हो गए। विवाद बढ़ता देख युवक ने पोस्ट डिलीट कर दी।

सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली, लेकिन बात नहीं बनी। शुक्रवार को नाराज लोगों ने पंचायत बुलाकर वीडियो बनाने वाले युवक से सवाल-जवाब किए। फिर उसे अन्नू के पैर धोकर पानी पीने की सजा सुनाई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक ने भरी सभा में अन्नू के पैर धोए, फिर वही पानी पिया।

# एअर-इंडिया को बोइंग-787 के RAT की दोबारा जांच के निर्देश

- DGCA का फैसला, बोइंग से भी रिपोर्ट मांगी;
- RAT विमान में पावर की अंतिम डिवाइस

**नई दिल्ली.** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने रविवार को एअर इंडिया को निर्देश दिया है कि जिन बोइंग 787 विमानों में हाल ही में पावर कंडीशनिंग मॉड्यूल (PCM) बदला गया है, उन सभी विमानों के रैम एयर टर्बाइन (RAT) की स्टोवेज (फिटिंग और कंडीशन) की दोबारा जांच की जाए।

DGCA का ये निर्देश एअर इंडिया के दो बोइंग 787 विमानों में हाल में हुई तकनीकी घटनाओं और फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (FIP) के एअर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों को ग्राउंड करने की मांग की पर आया है।

DGCA ने अमेरिकी विमान निर्माता बोइंग से भी ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए उपायों की डिटेल रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा दुनियाभर में बोइंग 787 सीरीज के विमानों में इस तरह के अनकमांडेड RAT डिप्लॉयमेंट की घटनाओं का पूरा डेटा मांगा। साथ ही PCM मॉड्यूल बदलने के बाद दिखी सर्विस डिफिकल्टी रिपोर्ट की भी जानकारी डिमांड की है। दरअसल, 4 अक्टूबर को अमृतसर-बर्मिंघम फ्लाइट AI-117 में लैंडिंग से ठीक पहले RAT अपने आप खुल गया था।

# MBBS स्टूडेंट गैंगरेप केस- 3 गिरफ्तार, 2 फरार



- पीड़ित का दोस्त भी हिरासत में
- मोबाइल टावर लोकेशन से आरोपियों का पता चला

**दुर्गापुर.** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 2 आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। टावर लोकेशन से आरोपियों की जानकारी मिली।

पुलिस के मुताबिक, घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। कैंपस गेट पर 3 युवक खडे.थे।

पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया। इस दौरान उसका दोस्त वहां से भाग गया था। पुलिस ने बताया, पीड़ित ओडिशा की रहने वाली है और एमबीबीएस 2nd ईयर की स्टूडेंट है।

डिप्टी मजिस्ट्रेट और दुर्गापुर SDO रंजना रॉय ने पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने कहा- छात्रा का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। उसकी हालत स्थिर है। उसका परिवार साथ है। लड़की के दोस्त और उसके साथियों इसके शामिल होने के आरोप परिवार ने लगाए हैं। पीड़ित के दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# शुभमन गिल ने बाबर आजम को पीछे छोड़ा




- टेस्ट के शतक और औसत में आगे निकले
- WTC में रोहित शर्मा से भी ज्यादा शतक

दिल्ली टेस्ट के दूसरे दिन भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। कप्तान शुभमन गिल के नाबाद शतक के बाद भारत ने 518/5 के स्कोर पर पहली पारी घोषित की। टीम ने वेस्टइंडीज के 4 बल्लेबाजों को पवेलियन भी भेज दिया।

शनिवार का दिन शुभमन गिल के रिकॉर्ड्स के नाम रहा। उन्होंने टेस्ट औसत और शतक के मामले में पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ दिया। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में गिल भारत के हाईएस्ट स्कोरर बने। उन्होंने WTC में सेंचुरी के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट के आंकड़ों में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। गिल अब औसत और शतकों की संख्या के मामले में बाबर से आगे निकल गए।

शुभमन ने अब तक 39 टेस्ट में 43.47 की औसत से 2826 रन बनाए हैं, जिसमें 10 शतक शामिल हैं। वहीं, बाबर आजम ने 59 टेस्ट में 42.77 की औसत से 4235 रन बनाए हैं, लेकिन उनके खाते में 9 शतक ही हैं।

गिल ने बाबर से 20 मैच कम खेलकर भी उनसे ज्यादा शतक लगा दिए और उनका बल्लेबाजी औसत भी बेहतर है। गिल का बेस्ट स्कोर 269 रन है, जबकि बाबर का 196 रन है। हालांकि बाबर ने गिल से कहीं ज्यादा 29 अर्धशतक बनाए हैं। गिल 8 फिफ्टी ही लगा सके।

### वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में गिल ने रोहित को पछाड़ा

भारतीय कप्तान शुभमन गिल वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (WTC) में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। गिल ने अब तक WTC में 10 शतक लगाए हैं। उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। रिकॉर्ड में पूर्व कप्तान रोहित 9 शतकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसके।

# गैंगस्टर राशिद केबलवाला अजरबैजान में गिरफ्तार

- हाशिम बाबा और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से लिंक

**नई दिल्ली.** भगोड़े गैंगस्टर राशिद केबलवाला को अजरबैजान में हिरासत में लिया गया है। वह इस्तांबुल से बाकू के हेदर अलियेव अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा था, जहां आव्रजन अधिकारियों ने उसके कागजात में अनियमितताओं के कारण उसे पकड़ लिया। भारतीय खुफिया एजेंसियां अब उसे वापस लाने की तैयारी कर रही हैं। जेल में बंद गैंगस्टर हाशिम बाबा का राशिद करीबी सहयोगी है और लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट से भी जुड़ा है।

राशिद केबलवाला दिल्ली पुलिस की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल है। उसका नाम सबसे पहले सितंबर 2024 में ग्रेटर कैलाश में व्यवसायी नादिर शाह की हत्या के मामले में सामने आया था। इसके बाद, अक्टूबर 2024 में दिवाली की रात पूर्वी दिल्ली में दोहरे हत्याकांड और दिसंबर 2024 में कृष्णा नगर में बिजनेसमैन सुनील जैन की हत्या में भी उसका नाम उछला। इन घटनाओं ने उसे दिल्ली पुलिस के लिए सबसे वांटेड अपराधियों में से एक बना दिया।



### लंबा आपराधिक रिकॉर्ड

दिसंबर 2024 में टाइम्स ऑफ इंडिया को राशिद ने बताया था कि सुनील जैन की हत्या अक्टूबर में हुए दोहरे मर्डर का बदला थी, लेकिन उसने अपनी भागीदारी से इनकार किया। उसने बताया कि साहिल उर्फ गोलू नामक हमलावर ने दो पक्षों से एक अन्य व्यक्ति की हत्या के लिए पैसे लिए थे। वह इस मामले में शामिल था। राशिद के अनुसार, जैन टारगेट नहीं था, बल्कि असली निशाना विराट नाम का शख्स था, जिसे वह खत्म करना चाहता था। सूत्रों के मुताबिक, साहिल अभी फरार है और उसके विदेश भाग जाने की आशंका है।

### कई हत्याओं से जुड़ा हिस्ट्री-शीटर

राशिद केबलवाला और हाशिम बाबा का आपराधिक इतिहास लंबा है। 2013 में अंतिम संस्कार के दौरान अकील मामा की हत्या कर दोनों कुख्यात हुए। उनके पूर्व सहयोगी नासिर के जेल जाने के बाद दोनों ने गैंग का नियंत्रण संभाला और बाद में अलग-अलग होकर अपनी-अपनी गतिविधियां चलाने लगे। राशिद कई हत्याओं से जुड़ा हिस्ट्री-शीटर है। 2018 में सऊदी अरब भागने की कोशिश में उसे पकड़ा गया था। उसने रियाद में गारमेंट्स का बिजनेस शुरू किया था और थाईलैंड में विस्तार कर रहा था, जिसे जांचकर्ताओं ने अवैध कमाई को वैध बनाने की कोशिश बताया। 2019 में राशिद के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने MCOCA के तहत मामला दर्ज किया था। 2020 में उसे स्पेशल सेल ने फिर से गिरफ्तार किया, लेकिन 2022 की शुरुआत में वह जाली पासपोर्ट का उपयोग कर फरार हो गया। दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 1 लाख रुपये का इनाम रखा था।

# प्रशांत किशोर पर राघोपुर में केस दर्ज

- आचार संहिता के उल्लंघन में फंसे



**राघोपुर.** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हैं। इस बीच अब प्रशांत किशोर के लिए कानूनी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। दरअसल जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया है। राघोपुर अंचलाधिकारी दीपक कुमार के बयान पर प्रशांत किशोर के खिलाफ राघोपुर थाने में यह केस दर्ज हुआ है।

प्रशांत किशोर शनिवार को अपने काफिले के साथ वैशाली जिले के राघोपुर में गए थे। जिसके बाद अब अंचालाधिकारी के आवेदन पर प्रशांत किशोर के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रशांत किशोर समेत प्रखंड अध्यक्ष और अन्य अज्ञात पर राघोपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी करवाई गई है।

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जहां भाजपा नीत सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, वहीं जन सुराज पार्टी ने बढ़त बनाए रखी है। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के गृह क्षेत्र राघोपुर से अपने चुनाव अभियान की शुरुआत की।

राघोपुर से अभियान की शुरुआत करते हुए किशोर ने तेजस्वी यादव के "एक से अधिक सीट से चुनाव लड़ने" की अटकलों पर टिप्पणी की, "शायद उनका हश्र उनके सहयोगी राहुल गांधी जैसा होगा, जो 2019 में वायनाड से तो जीत गए लेकिन अपनी पारंपरिक अमेठी सीट हार गए।"

# पाकिस्तान पर कहर बनकर टूट पड़ा तालिबान अब तक 58 सैनिकों की मौत; सहम गए शहबाज



**इस्लामाबाद.** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी संघर्ष ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अफगानिस्तान द्वारा किए गए कथित हमलों की निंदा करते हुए कड़े और प्रभावी तरीके से जवाब देने की चेतावनी दी है। प्रधानमंत्री ने तालिबान सरकार पर आरोप लगाया कि वह अपनी भूमि को आतंकी तत्वों द्वारा पाकिस्तान पर हमले के लिए इस्तेमाल होने दे रही है। वहीं, अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया कि अफगान बलों ने पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया है और इन झड़पों में 58 पाक सैनिक मारे गए, जबकि 30 घायल हुए हैं।

शहबाज शरीफ ने बयान में कहा, "पाकिस्तान की रक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। हर उकसावे का जवाब मजबूती और प्रभावशीलता से दिया जाएगा।"

तालिबान प्रशासन ने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा अफगान क्षेत्र और हवाई सीमा के बार-बार उल्लंघन के जवाब में की गई है। अफगानिस्तान के सरकारी मीडिया ने कम से कम 15 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है, हालांकि पाकिस्तान की ओर से इस पर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पाकिस्तान ने अब तक इन झड़पों पर औपचारिक बयान जारी नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि सीमा पर सुरक्षा बलों को उच्चतम सतर्कता पर रखा गया है।

## संक्षेप...

### गैरेज में घुसकर तोड़फोड़, 3 गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** स्थानीय कैंप क्रमांक 3 से गुजरने वाले कल्याण-बदलापुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास जय अंबे ऑटो गैरेज में पिछले सप्ताह रात के समय कुछ लोगों ने गैरेज के किराएदार को धमकाने, दुकान में रखी मशीनरी को नुकसान पहुंचाने की घटना दर्ज की थी. पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था. इनमें पुलिस 3 को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की थी. शेष की तलाश में है. उल्हासनगर कैंप नंबर 3 स्थित हीराघाट इलाके के निवासी रामराज जैस्वार का हनुमान मंदिर के पास जय अंबे ऑटो गैरेज है.

# पटाखों पर ज्ञान न पेलें -धीरेंद्र शास्त्री

- हम बकरीद-ताजिए पर ज्ञान नहीं देते...
- पटाखे फोड़ेंगे, यह हमारी परंपरा



**मुंबई.** छतरपुर के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा - दिवाली पर पटाखों को लेकर ज्ञान न पेलें। हम न बकरीद पर ज्ञान देते हैं, न ताजिए पर। इसलिए हमें ज्ञान न पेलें। यह हमारी परंपरा है, और हम इसे निभाएंगे।

दरअसल, शनिवार को धीरेंद्र शास्त्री मुंबई में सिद्धि विनायक गणेश मंदिर दर्शन करने पहुंचे। यहां मीडिया से बात करते हुए किसी ने उनसे दिवाली पर पटाखों से प्रदूषण होने और बॉलीवुड अभिनेताओं द्वारा पटाखे न फोड़ने की अपील को लेकर सवाल किया। इसी को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने ज्ञान न देने की बात कही।

**'हिंदू त्योहारों पर ही उठाया जाता है मुद्दा'**

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि प्रदूषण एक गंभीर विषय है, लेकिन यह मुद्दा केवल हिंदू त्योहारों के समय ही क्यों उठाया जाता है। अभिनेताओं से सभी धर्मों के पर्वों को समान दृष्टि से देखने और ज्ञान न देने की अपील है। त्योहारों का मकसद खुशी, शांति और आपसी भाईचारे को बढ़ाना होना चाहिए। धर्म चाहे कोई भी हो, सभी को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।

**'आई लव मुहम्मद गलत नहीं....'**

धीरेंद्र शास्त्री ने आई लव मुहम्मद को लेकर कहा, अगर कोई 'आई लव मुहम्मद' बोलता है तो वह गलत नहीं है। वैसे ही अगर कोई 'आई लव महादेव' कहता है तो वह भी बुरा नहीं है। हर किसी को अपने धर्म से प्रेम करने का अधिकार है और इसका सम्मान होना चाहिए, लेकिन सिर तन से जुदा जैसे नारे और विचार न तो हिंदू समाज सहन करेगा और न ही भारत का कानून। अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ा नहीं जाएगा।

# मन की दिवाली मनोरोग अस्पताल में जगमगा उठी

- मरीजों द्वारा बनाए गए लालटेन और उम्मीद के दीपक



**ठाणे.** दिवाली प्रकाश आनंद और उत्साह का त्योहार है। लेकिन ठाणे के क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल में हर साल जलने वाले दीये सिर्फ़ मिट्टी के नहीं होते यह उन ज़िंदगियों के होते हैं जिन्हें मन ने फिर से रोशन किया है। यहाँ मरीजों द्वारा बनाए गए लालटेन, लालटेन, तोरण और सुगंधित मोमबत्तियाँ सिर्फ़ वस्तुएँ नहीं हैं; ये पुनर्वास, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के दीये हैं। ठाणे के क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल में हर साल की तरह इस साल भी दिवाली के अवसर पर व्यावसायिक चिकित्सा विभाग में आकर्षक वस्तुएँ बनाई गई हैं। इस उपचार का मुख्य उद्देश्य रोगियों की छिपी हुई क्षमताओं को जागृत कर उन्हें मुख्यधारा में लाना है।अक्टूबर माह को 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह' के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान, महिला एवं पुरुष व्यावसायिक चिकित्सा विभाग में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेताजी मुलिक के मार्गदर्शन में, रोगियों ने एक हज़ार लालटेन, पाँच सौ यूटेन के पैकेट, सुगंधित मोमबत्तियाँ, तोरण और सुंदर रंगोली बनाई हैं। वहीं, पुरुष विभाग में रोगियों ने डेढ़ सौ आकाश लालटेन, एक हज़ार मोम के लालटेन, दो सौ गेरू के पैकेट और झंडे बनाए हैं। इन वस्तुओं की रंग-बिरंगी चमक उनके मन में व्याप्त प्रकाश, खुशी और आत्मविश्वास का प्रतिबिंब है।दिवाली के दौरान, इन सभी वस्तुओं को प्रदर्शन के लिए रखा जाता है और कई नागरिक इन्हें रुचिपूर्वक खरीदते हैं। इससे रोगियों को आर्थिक रूप से सशक्त होने का एहसास होता है और उनके मन में ₹मैं कुछ कर सकता हूँ₹ की भावना पनपती है। इस वर्ष, अस्पताल को रोगियों द्वारा बनाए गए आकाश लालटेन, झंडों और तोरणों से भी सजाया जाएगा। इसके लिए व्यावसायिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. हेमांगिनी देशपांडे, डॉ. सुधीर पुरी और डॉ. जानवी केरजरकर, डॉ. अश्लेषा कोली आदि अधिकारियों और कर्मचारियों ने अथक परिश्रम किया।

# जल विभाग में 140 ठेका कर्मचारियों का आर्थिक शोषण

- ठेकेदार को काली सूची में डालें- विधायक केलकर



**ठाणे.** मनपा के जल विभाग में पिछले कई वर्षों से ठेका कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है, और विधायक संजय केलकर ने मांग की है कि उनका आर्थिक शोषण करने वाले ठेकेदार को काली सूची में डाला जाए।खोपट स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में जल विभाग के ठेका कर्मचारियों ने विधायक संजय केलकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान कर्मचारियों ने ठेकेदार द्वारा किए जा रहे आर्थिक शोषण पर अपनी पीड़ा व्यक्त की। इस विभाग में लगभग 140 ठेका कर्मचारी हैं और वे पिछले चार वर्षों से मीटर रीडिंग और पानी के बिल बांटने जैसे काम कर रहे हैं। मनपा द्वारा दिए गए कार्य आदेश और अनुबंध के अनुसार, कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन 32 हजार रुपये देना अनिवार्य है, लेकिन ठेकेदार कर्मचारियों को केवल 12 हजार रुपये प्रति माह दे रहा है और कर्मचारियों की शेष राशि हड़प रहा है। इस विभाग में संविदा इंजीनियर को 40,000 रुपये वेतन देना अनिवार्य है और उन्हें केवल 15 से 17,000 रुपये ही दिए जाते हैं। हर महीने लाखों रुपये की लूट के बावजूद, यह कर्मचारी दबाव में अथक परिश्रम कर रहे हैं।इस बारे में बोलते हुए, विधायक संजय केलकर ने कहा, ठेकेदार इन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन से वंचित कर रहा है और यह आर्थिक शोषण है। इस ठेकेदार को सबसे पहले काली सूची में डाला जाना चाहिए। इन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिया जाना चाहिए। जब तक कर्मचारियों का छीना हुआ वेतन वापस नहीं मिल जाता, मैं उनकी तलाश जारी रखूँगा।

अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से यह लूट पिछले चार वर्षों से चल रही है। केलकर ने यह भी कहा कि ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए और उन्हें जेल में बंद करके पत्थर पीसने चाहिए।जनसेवक जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिक बिल्डर द्वारा धोखाधड़ी, एसआरए योजना के तहत निवासियों का बकाया किराया, सफाई कर्मचारियों के उत्तराधिकार अधिकार, पानी की कमी, शिक्षा जैसी विभिन्न समस्याओं को लेकर आए। इस अवसर पर परिवहन सदस्य विकास पाटिल, युवा मोर्चा के सूरज दलवी, भाजपा ठाणे उपाध्यक्ष महेश कदम, राजेश गाडे आदि उपस्थित थे।

# भिवंडी मनपा की वार्ड रचना गठन को मंजूरी

- राज्य चुनाव आयोग ने प्रदान की मंजूरी



**भिवंडी.** राज्य चुनाव आयोग एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार, भिवंडी निज़ामपुर शहर महानगर पालिका की आगामी आम चुनावों के लिए कुल 23 वार्डों के वार्ड गठन को मंजूरी प्रदान की कर चुनाव होने का रास्ता साफ कर दिया है.वार्ड गठन मंजूरी को भिवंडी मनपा प्रभाग समिति कार्यालय सहित

मनपा की आधिकारिक वेबसाइट (www.bncmc.gov.in) पर भी प्रकाशित कर दिया गया है.

गौरतलब हो कि, राज्य चुनाव आयोग एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार, भिवंडी निज़ामपुर मनपा के वार्ड गठन के प्रारूप को राज्य चुनाव आयोग द्वारा 01सितंबर को अनुमोदित किया गया है. नागरिकों से सुझाव और आपत्तियां प्राप्त करने के लिए उक्त ड्राफ्ट वार्ड संरचना 03 सितंबर को प्रकाशित की गई थी. मनपा वार्ड संरचना में नागरिकों से प्राप्त कुल 84 आपत्तियों और सुझावों पर प्राधिकृत अधिकारी आयुक्त और प्रशासक राधाबिनोद शर्मा (मीरा भाईंदर मनपा) ने 19 सितंबर को सुनवाई की गई थी.उक्त सुनवाई में, प्राधिकृत पीठासीन अधिकारी ने सभी आपत्तिकर्ताओं की आपत्तियों और सुझावों का संज्ञान लिया.सुनवाई के उपरांत अंतिम वार्ड संरचना का प्रस्ताव उनकी सिफारिशों के साथ जिला कलेक्टर, ठाणे, अतिरिक्त मुख्य सचिव शहरी विकास विभाग के माध्यम से राज्य चुनाव आयोग, एवं राज्य सरकार को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया. अंतिम वार्ड संरचना के प्रस्ताव पर राज्य चुनाव आयोग, राज्य सरकार द्वारा अंतिम मंजूरी प्रदान कर आगामी मनपा चुनाव का रास्ता साफ कर दिया है.

# मुंबई पुलिस की हिरासत में बांग्लादेश की संदिग्ध महिला

- डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू

**मुंबई.** देवनार पुलिस ने जरीना खातून को हिरासत में लिया है. पुलिस ने गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध महिला इलाके में रह रही है. सूचना के आधार पर देवनार पुलिस ने इलाके में निगरानी बढ़ाई. कुछ ही देर बाद एक संदिग्ध महिला सड़क पर दिखाई दी. पुलिस ने उसे रोककर नाम पूछा और पहचान पत्र देखे तो हैरान रह गई. मुंबई में एक सामान्य दिखने वाली महिला को सड़क पर चलते देख पुलिस ने जब रोका और पूछताछ की, तो पूरा मामला चौंकाने वाला निकला. दरअसल, यह महिला भारत की नागरिक नहीं बल्कि बांग्लादेश की रहने वाली थी और बिना किसी वैध दस्तावेज के मुंबई में रह रही थी.

मामला देवनार इलाके का है, जहां पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बांग्लादेशी महिला इलाके में आने वाली है. सूचना के आधार पर देवनार पुलिस ने इलाके में निगरानी बढ़ाई. कुछ ही देर बाद एक संदिग्ध महिला सड़क पर दिखाई दी. पुलिस ने उसे रोका और जब नाम पूछा तो उसने खुद को जरीना खातून मो. हसमत अली बिस्वास बताया. पुलिस ने जब उससे पहचान से जुड़े दस्तावेज मांगे तो वह कोई भारतीय प्रमाण पत्र नहीं दिखा सकी. जांच में यह साफ हो गया कि महिला ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया है, और उसके पास से बांग्लादेशी पहचान से जुड़े कागज भी बरामद हुए.

देवनार पुलिस ने महिला को तुरंत हिरासत में लेकर डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. साथ ही, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या जरीना के साथ अन्य बांग्लादेशी नागरिक भी मुंबई में छिपे हुए हैं.

# उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था के पदाधिकारियों का पद वितरण संपन्न



**भिवंडी.** पावरलूम नगरी भिवंडी शहर में उत्तर भारतीय समाज सहित सर्व समाज के लोगों को संगठित करने और जन समस्याओं के समाधान के लिए भिवंडी में वरिष्ठ समाजसेवी, पत्रकार कृष्णगोपाल सिंह (दादा ठाकुर) के कुशल नेतृत्व में विगत वर्ष उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था बनाई गई है.संस्था में प्रबुद्ध जनों सहित शहर के तमाम गणमान्य लोगों को शामिल किया गया है. ठाणे धर्मादाय आयुक्त द्वारा पंजीकृत संस्था के माध्यम से पदाधिकारियों की टीम द्वारा एकजुटता से मुफ्त हेल्थ कैंप, चश्मा कैंप, गरीब महिलाओं की मदद, जरूरतमंद विद्यार्थियों को बुक, ड्रेस वितरण आदि जनहित कार्य को अंजाम दिया जा रहा है.

उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था में शामिल प्रमुख पदाधिकारियों का पद वितरण कार्यक्रम संस्थाध्यक्ष कृष्णगोपाल सिंह (दादा ठाकुर) के जनसंपर्क कार्यालय (खदान रोड) में संपन्न हुआ.भिवंडी शहर में कई सामाजिक,शैक्षणिक संगठनों से जुड़ी डा.स्वाती शमशेर सिंह को संस्थाध्यक्ष कृष्णगोपाल सिंह द्वारा उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था की महिलाध्यक्षा की प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है.संस्था के प्रमुख पदाधिकारियों में प्रवीण मिश्रा, शंकरलाल केसरवानी, मनोज सिंह, उदयराज सिंह, सदाप्रकाश सिंह, पत्रकार जितेंद्र तिवारी, संजय दूबे, बालमुकुंद शुक्ला, पीड़ी यादव,अजीत सिंह आदि शामिल हैं. संस्थाध्यक्ष कृष्णगोपाल सिंह द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्तिपत्र प्रदान कर गौरव किया गया.

## बांद्रा पश्चिम में रूममेट ने की बुजुर्ग की हत्या

**मुंबई.** बांद्रा पश्चिम में एक रूममेट द्वारा 64 वर्षीय व्यक्ति की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है. मृतक की पहचान शिवाजी बनारसिंग के रूप में हुई है, जो बांद्रा पश्चिम स्थित महबूब स्टूडियो के पास एक सार्वजनिक शौचालय में केयरटेकर के रूप में काम करते थे. वहीं आरोपी की पहचान संजीव यादव (28) के रूप में हुई है, जो मरीजों की देखभाल का काम करता था. बताया जा रहा है कि यादव ने सिम कार्ड को लेकर हुए विवाद में शिवाजी की हत्या कर दी. बांद्रा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर के अदालत में हाजिर किया जहां 13 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है.

# मराठी भाषा समृद्ध,बढ़ावा देने की जरूरत- विट्ठल डाके

- स्वाभिमान श्री अंतर-विद्यालय भाषण प्रतियोगिता संपन्न

**भिवंडी.** स्वाभिमान सेवा संस्था द्वारा अभिजात मराठी भाषा सप्ताह के उपलक्ष्य में स्वाभिमान सेवा संस्था की तरफ से पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव विद्यालय सभागार में स्वाभिमान सेवा संस्था संस्थापक संतोष शेट्टी के जन्मदिन मौके पर स्वाभिमान श्री अंतर-विद्यालय भाषण प्रतियोगिता शुभारंभ भिवंडी मनपा अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके के हाथों दीप प्रज्वलन कर हुआ. उक्त अवसर पर मनपा पूर्व पार्षद संतोष शेट्टी, स्वाभिमान सेवा संस्थाध्यक्ष हसमुख पटेल, पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव विद्यालय प्राचार्य सुधीर घागस, बीएनएन कॉलेज उप-प्राचार्य डीएल अहिरे, मनपा जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेशी,पूर्व शहर अभियंता एलपी गायकवाड़ गणमान्य उपस्थित थे. गौरतलब हो कि, मराठी भाषा भाषण प्रतियोगिता उद्घाटन के संबोधन में अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने कहा कि, मराठी भाषा समृद्ध है. इसे बढ़ावा देने और दैनिक उपयोग में लाने के लिए सभी को प्रयास करने की आवश्यकता है.



पूर्व पार्षद संतोष शेट्टी ने कहा कि यद्यपि मेरी मातृभाषा मराठी नहीं है, लेकिन चूंकि मेरा कार्यस्थल महाराष्ट्र है, इसलिए मुझे मराठी बोलने में एक अलग ही आनंद आता है. उन्होंने बताया कि हमारी संस्था मराठी भाषा को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.भाषण प्रतियोगिता में ग्रुप ए अंतर्गत कक्षा 5 से 8 एवं कक्षा 9 से 10 ग्रुप बी में विभिन्न स्कूलों से 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया. छात्रों ने मराठी भाषा की महिमा, मराठी, मेरी मूल भाषा, मराठी संस्कृति की खुशबू, हमारे महान मराठी गौरव, संत साहित्य की परंपरा और मराठी की आत्मा के विषयों पर अपने भाषण धाराप्रवाह शैली में प्रस्तुत किए. प्रतियोगिता में, ग्रुप ए में, पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव विद्यालय की कुमारी कस्तूरी श्रीनाथ भंडारी ने प्रथम स्थान, एनईएस स्कूल के कुमार आराध्या करण और पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव विद्यालय की कुमारी मनाहा जमीर शेख ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया.ग्रुप बी में कार्तिकी ज्ञानेश्वर पाटिल (बीएनएन कॉलेज), आकांक्षा विजय संकाकल (पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव जूनियर कॉलेज), प्रतीक्षा गायकवाड़ (बीएनएन कॉलेज) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया.निरीक्षकों द्वारा चयनित विजेताओं का संस्था संस्थापक संतोष शेट्टी और अध्यक्ष हसमुख पटेल द्वारा विजेता छात्र छात्राओं को नकद पुरस्कार, प्रमाणपत्र और स्मृतिचिन्ह प्रदान कर गौरव किया गया. प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति अध्यक्ष सुधीर घागस, डीएल अहिरे, मानसी राजे, संजय भोईर, दिलीप पोद्दार, विनोद भानुशाली और अभिजीत म्हस्कर ने कड़ी मेहनत की.

# नवाजुद्दीन का 100 करोड़ मानहानि केस खारिज

- वकील बोले– ये तो बस दबाव डालने की चाल थी



बॉम्बे हाई कोर्ट ने अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की 100 करोड़ की मानहानि वाली याचिका खारिज कर दी, क्योंकि वे सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद नहीं थे। यह याचिका उन्होंने अपने भाई शमसुद्दीन सिद्दीकी और पत्नी के खिलाफ दाखिल की थी।

नवाजुद्दीन का आरोप था कि उनके बारे में झूठे और बदनाम करने वाले बयान फैलाए गए, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा और उन्हें बड़ी मानसिक व सामाजिक हानि हुई।

इस मामले में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनके वकील कई बार अदालत में पेश नहीं हुए, जिसके चलते याचिका गैर-प्रसिक्षण के आधार पर खारिज कर दी गई। शमसुद्दीन सिद्दीकी की ओर से वकील अली काशिफ खान देशमुख, स्निग्धा खंडेलवाल और फारिद शेख ने पैरवी की। वकील देशमुख ने कहा कि नवाजुद्दीन द्वारा दायर यह मामला पूरी तरह निराधार था और इसमें कोई न्यायसंगत दावा नहीं था। यह याचिका केवल हमारे मुवक्किल पर वित्तीय विवादों के चलते दबाव बनाने के उद्देश्य से दायर की गई थी।

यह मामला उस विवाद से जुड़ा था, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने भाई को अपने मैनेजर के रूप में नियुक्त किया था और उसे पैसों से जुड़े कई कामों की जिम्मेदारी दी थी। बाद में दोनों के बीच मनमुटाव हो गया और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर आरोप लगाना शुरू कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने आदेश दिया कि दोनों पक्ष सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के खिलाफ कोई पोस्ट न करें, ताकि मामला शांतिपूर्वक सुलझाया जा सके।

इस मामले के खारिज होने के बाद विवाद फिलहाल कानूनी तौर पर कोर्ट में बंद हो गया है। बावजूद इसके, दोनों पक्षों के बीच सामाजिक और पारिवारिक तनाव की खबरें अब भी सामने आती रहती हैं।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता में SST महाविद्यालय की दोहरी जीत

- 19 वर्ष से कम आयु के लड़के और लड़कियों दोनों वर्ग में प्रथम स्थान



**उल्हासनगर.** आर. के. टी. महाविद्यालय, उल्हासनगर–3 में आयोजित उल्हासनगर महानगरपालिका की जिलास्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में एस.एस.टी. महाविद्यालय ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लड़के और लड़कियों दोनों वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर दोहरा ताज अपने नाम किया।

19 वर्ष से कम आयु के लड़कों के वर्ग में एसएसटी की टीम ने आक्रामक खेल और बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया, वहीं 19 वर्ष से कम आयु की लड़कियों की टीम ने सटीक पास और मजबूत रक्षा के दम पर विजय हासिल की।

इन दोनों विजेता टीमों के खिलाड़ियों ने जिलास्तरीय स्तर पर एसएसटी महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

इससे पहले भी इन छात्रों ने अंतरमहाविद्यालयीन बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं और विभिन्न स्थानीय लीगों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर कई पदक जीते हैं। उनके लगातार अभ्यास, टीम भावना और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन की बदौलत ही यह नई उपलब्धि हासिल हुई है। इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य, खेल विभाग और प्रशिक्षकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# निर्माणाधीन इमारत से गिरे सीमेंट ब्लॉक से मौत

- दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई.** जोगेश्वरी पूर्व में एक निर्माणाधीन इमारत से गिरे सीमेंट ब्लॉक से 22 वर्षीय संस्कृति अमीन की मौत के चार दिन बाद, मेघवाड़ी पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक और बाल-बाल बची घटना से आक्रोश आरोपियों की पहचान साइट इंजीनियर 29 वर्षीय शंभू कुमार पलट पासवान और साइट मैनेजर 39 वर्षीय गौरव दिनेशभाई सोंडागर के रूप में हुई है, दोनों पर गैर-इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। अमीन की राख ठंडी भी नहीं हुई थी कि शनिवार सुबह उसी इलाके में एक ऐसी ही दुर्घटना घटी - एक घूमता हुआ ब्लेड इमारत की साइट से नीचे गिर गया, जिससे एक राहगीर बाल-बाल बच गया।

"यह हमारे घर के ठीक बाहर, सुबह 9:30 बजे के बाद हुआ। हमें अचानक धातु की प्लेट गिरने जैसी तेज़ आवाज़ सुनाई दी," इमारत के पीछे स्थित महाराज भुवन झुग्गी बस्ती की निवासी 66 वर्षीय सुरेखा मुस्कोनकर ने याद करते हुए कहा। "एक घूमता हुआ ब्लेड ज़ोर से नीचे गिरा, हमारी छत का एक हिस्सा टूट गया और हमारे आँगन में गड्ढा हो गया, और फिर उछलकर उस गली में जा गिरा जहाँ दीपक चल रहा था।" पड़ोसी घबराकर इकट्ठा हो गए, और उसे पानी पिलाया और सांत्वना दी, फिर उसने काम फिर से शुरू किया।







यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099